आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 05.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- विश्व पर्यावरण दिवस पर आज देश–प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित–प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने प्रकृति संरक्षण के कार्य में जनसहभागिता का आह्वान किया।
- **वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान** की प्रदेशभर में आज से शुरूआत–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामगढ़ बांध में श्रमदान किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के 11 साल के कार्यकाल को गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया।
- वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत कल जयपुर से रामेश्वरम के लिए पहली एसी ट्रेन रवाना होगी–आठ सौ बुजुर्गों को विभिन्न मंदिरों के दर्शन कराए जाएंगे।

000

देश–प्रदेश में आज विश्व पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस साल की थीम ''**प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना**'' रखी गयी। विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान का आगाज़ किया। श्री मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाया। यह पौधा अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के एक भाग के रूप में लगाया गया, जिसका उद्देश्य अरावली पर्वतमाला के सात सौ किलोमीटर क्षेत्र को हरा–भरा करना है। इस परियोजना का लक्ष्य राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और गुजरात सहित चार राज्यों के 29 जिलों में अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास के पाँच किलोमीटर के बफर क्षेत्र को हरित बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण की रक्षा पर एक विशेष वीडियो साझा किया। उन्होंने पर्यावरण को हरा–भरा और बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले सभी लोगों की सराहना की।

000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम अभियान–2.0 की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने मिशन लाइफ के लिए ईको क्लब की गतिविधियों की निगरानी के लिए वेब पोर्टल सहित विशेष मॉड्यूल और एक वेबसाइट भी लॉन्च की।

000

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम रखे गये। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पांच लवकुश वाटिकाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने जयपुर के नाहरगढ स्थित बीड़ पापड़ लैपर्ड सफारी का उद्घाटन किया। उन्होंने राज्य के 54 स्थानीय निकायों में वायु गुणवत्ता सुधार उपायों के लिए साढे 13 करोड़ रूपये की राशि भी हस्तान्तरित की। इस दौरान सांगानेर में सामान्य अपशिष्ट उपचार संयत्र का लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने ई वेस्ट संग्रहण अभियान की शुरूआत की और ई–वेस्ट ड्राइव व्हीकल्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से प्रकृति संरक्षण और जल संरक्षण के साथ ही खाद्य संरक्षण के लिए भी आगे आने की अपील की। उन्होंने लोगों से जल और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देते हुए स्वयं का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का आग्रह किया।

000

कार्यक्रम में वन पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, सांसद मंजू शर्मा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, वन विभाग के अधिकारी स्वंय सेवी संस्थाओ के प्रतिनिधि और पर्यावरण क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोग मौजूद रहे।

000

प्रदेश में आज से गंगा दशमी के मौके पर **वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान** की भी शुरूआत हुई। इसके माध्यम से प्रदेश में भूजल स्तर बढाने और जल संचयन के प्रमुख स्थलों को पुनर्जीवित करने की मुहिम चलाई जाएगी। 20 जून तक चलने वाले इस अभियान में लोगों को पानी बचाने और जल संग्रहण का संदेश दिया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरूआत जयपुर के रामगढ़ बांध से हुई, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधियों और आमजन ने श्रमदान कर अभियान में भागीदारी निभाई। बाद में बूंदी के केशोरायपाटन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने चंबल तट पर पूजन किया और जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण किया।

राज्य के विभिन्न जिलों में भी **वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान** के उद्घाटन कार्यक्रम रखे गये। ब्यावर में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पीपल का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्थानीय विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अजमेर में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने शहर के वरूण सागर पर आमजन के साथ श्रमदान किया। जोधपुर में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत और प्रभारी मंत्री मदन दिलावर उद्घाटन में शामिल रहे। डूंगरपुर में प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी मौजूद रहे। वहीं सिरोही में सांसद लुम्बाराम चौधरी ने अखेलाव तालाब पर श्रमदान कर अभियान में भागीदारी निभाई। श्री चौधरी ने सिरोही में जल संरक्षण के कार्य के लिए दो करोड़ रुपये स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि प्रदूषण को रोकने की सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक दायित्व बताते हुए कहा कि इसके लिए सभी स्तरों पर प्रयास किये जाने चाहिए। विश्व पर्यावरण दिवस पर जयपुर के एक निजी शैक्षणिक संस्थान में विज्ञान भारती की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को "वृक्ष मित्र" पुरस्कार से सम्मानित किया।

000

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आकाशवाणी के श्रोताओं ने भी अपने विचार साझा किये। पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल ने प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रेरणादायी बताते हुए सराहना की।

000

जल संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बना चुके जयपुर के पर्यावरण कार्यकर्ता पद्मश्री लक्ष्मण सिंह ने भी अपनी भावनाओं का इज़हार इन शब्दों में किया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर, लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मज़बूत बुनियादी ढांचे तथा समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में, लिखा कि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। श्री मोदी ने गरीबी को हराने में 25 करोड़ से अधिक लोगों की मदद करने में इन पहलों की भूमिका पर

जोर दिया। उन्होंने समावेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई, जहां हर नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले।

000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत जयपुर से रामेश्वरम के लिए कल पहली एसी राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन रवाना होगी। देवस्थान विभाग की ओर से इस साल के बजट में इस गाड़ी की घोषणा की गयी थी। गाड़ी को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत भी मौजूद रहेंगे। इस विशेष रेलगाड़ी में छह जिलों के लगभग आठ सौ यात्री रामेश्वरम जाएंगे। आठ दिन की यात्रा में यह ट्रेन रामेश्वरम में विभिन्न मंदिरों के साथ मदुरै में प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर के दर्शन कराएगी। प्रदेश की कला संस्कृति को दर्शाती इस गाड़ी के हर डिब्बे पर राजस्थान के मंदिरों, दुर्गों और पर्यटक स्थलों तथा अभयारण्यों के चित्र लगाकर साज सज्जा की गई है।

000

स्थानीय उत्पादों को बढावा देने के लिए आज जयपुर में विभिन्न संगठनों की ओर से व्यापारिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जयपुर व्यापार मंडल और फोर्टी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों का उपयोग करने और बढावा देने की शपथ ली गयी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना भी राष्ट्रवाद है।

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें आज सुनिये जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के योग और स्वास्थ्य वृत्त विभाग के सह–आचार्य सर्वेश अग्रवाल का संदेश।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की धर्मपत्नी प्रीति कुमारी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने अपने संदेश में शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। गौरतलब है कि चिकित्सा मंत्री की पत्नी का आज सुबह जयपुर में हृदयघात से निधन हो गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मंत्रिमंडल के अपने सहयोगी श्री खींवसर की धर्मपत्नी के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

000